राजस्थान विश्वविद्यालय में विज्ञान दिवस पर स्किल अप– इण्डस्ट्रियल ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन।

जयपुर– 28 फरवरी। राजस्थान विश्वविद्यालय के ई.सी.एच – इन्क्यूबेशन सेंटर में आज विज्ञान दिवस के अवसर पर स्किल अप– इण्डस्ट्रियल ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। प्रो. पी.जे. जॉन के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में हाई परफॉरमेंस लिक्विड क्रॉमेटोग्राफी जैसे महत्वपूर्ण वैज्ञानिक उपकरण के संचालन को लेकर पी.एचडी स्कॉलर्स, विज्ञान संकाय से जुडे विभिन्न विषयों के शिक्षकों को हैंण्ड्स ऑन ट्रेनिंग दी गयी। राजस्थान विश्वविद्यालय के इन्क्यूबेशन सेंटर में स्थापित किये गये विभिन्न महत्वपूर्ण वैज्ञानिक उपकरणों के संचालन व इनसे जुडी हुई तकनीकी जानकारी देने के उद्देश्य से विशेषज्ञों द्वारा छात्रों को स्टार्ट अप प्रारंभ करने के लिए महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया जाता है।

राजस्थान विश्वविद्यालय का इन्क्यूबेशन सेंटर स्टार्टअप्स के लिए युवा छात्रों को इन महत्वपूर्ण उपकरणों की जानकारी देकर 50 हजार रू. से 05 लाख रू. तक की सीड ग्रांट भी उपलब्ध करवा रहा है। राजस्थान विश्वविद्यालय के इस सेंटर में 52 महत्वपूर्ण उपकरण इस उद्देश्य के लिये स्थापित किये गये हैं जो स्टार्टअप के लिए युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण देने का कार्य कर रहे हैं। आज आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में 50 शोध छात्रों सहित विज्ञान से जुडे शिक्षकों को इस कार्यशाला में प्रशिक्षण दिया गया।

इस सेंटर द्वारा दिये जा रहे इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों से शोध छात्रों को अपने शोध कार्यों के स्तर को बढाने में तो सहयोग मिल ही रहा है, साथ ही शोध छात्रों के लिये रोजगार के नये अवसरों की दिशा भी निर्धारित हो रही है। आज के इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन डॉ. अभिमन्यु शर्मा द्वारा किया गया। इस कार्यशाला में सुनील छिम्पा, डॉ. विपिन यादव, सुश्री जैसमीन सेठी ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

डॉ. भूपेन्द्र सिंह शेखावत
राजस्थान विश्वविद्यालय